कारोबार

## आज कार्यशाला में शामिल होंगे यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह

# प्लाइवुड उद्योग के लिए संभावनाओं की तलाश

सुरेंद्र सिंघल
सहारनपुर, 12 अप्रैल।

पड़ोसी हरियाणा के जनपद यमुना नगर की भांति यूपी के सहारनपुर जिले में भी प्लाइवुड उद्योग लगाने की सुगबुगाहट आरंभ हो गई है। इस खास उद्योग के लिए यहां संभावनाओं की तलाश में यूपी सरकार जुटी हुई है। इसी के तहत रविवार को यहां एक विशेष कार्यशाला का आयोजन होगा, जिसमें यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह शिरकत करेंगे।

आपको बता दें कि सहारनपुर में प्लाइवुड उद्योग लगाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। पापुलर की लकड़ी पर आधारित यह उद्योग हरियाणा के यमुना नगर में खूब फल फूल रहा है। दरअसल, कई वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यहां के उद्यमियों ने आग्रह किया था कि यहां प्लाइवुड उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार कोई ठोस कदम उठाए। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया था। योगी के पिछले दौरे के दौरान भी उन्हें इस संबंध में याद दिलाया गया था। प्लाइवुड मैन्युफैक्चरर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आग्रह पर यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह रविवार को सहारनपुर आएंगे। यह जानकारी कमिश्नर अटल कुमार राय ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव आइआइटी रुड़की के सहारनपुर परिसर के सभागार में संवाद एवं समाधान विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।



### *दस हजार हेक्टेयर में होती है पापुलर की खेती*

सहारनपुर में 10 हजार हेक्टेयर जमीन पर करीब 50-60 हजार किसान पापुलर की खेती करते हैं। पड़ोसी जिलों शामली व मुजफ्फरनगर में भी बड़े स्तर पर इसकी खेती होती है। पिछले दो दशकों से भी ज्यादा समय से राज्य सरकार पश्चिम यूपी के हरियाणा की सीमा वाले सहारनपुर जनपद में प्लाइवुड उद्योगों की स्थापना को प्रयासरत है। अब यहां प्लाइवुड उद्योग की संभावना बढ़ती दिख रही है।